# वार्षिक प्रतिवेदन

## सत्र 2024-25

# राजकीय महाविद्यालय कुल्लू

### राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से अलंकृत बी मान्यता प्राप्त संस्थान

### 56वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

## श्री सुंदर सिंह ठाकुर

विधायक विधानसभा क्षेत्र कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)

के मुख्य आतिथ्य में

## दिनांक 22 फरवरी 2025

### प्रस्तुतकर्ता

## डॉ. मनदीप शर्मा

प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय कुल्लू (हि. प्र.)

**“आज कुदरत में मैंने अनोखा जादू देखा है, कि एक दिन में दो सूरज निकल आए हैं**

**एक जो आसमां में चमक रहा है और एक हमारे बीच मुख्य अतिथि के रूप चमक रहे हैं।**

आज के इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि महोदय परम सम्माननीय मिलनसार मृदुभाषी और लोकप्रिय विधायक श्री सुंदर सिंह ठाकुर जी विधानसभा क्षेत्र कुल्लू हिमाचल प्रदेश व अन्य आमंत्रित अतिथि गण छात्रअभिभावक संघ के सदस्य अन्य अधिकारीगण महाविद्यालय के पूर्व और वर्तमान में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थीगण प्रिन्ट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से पधारे सभी पत्रकार आप सभी का इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। महोदय यह परम सौभाग्य के क्षण होते हैं जिसमें विद्यार्थी शिक्षा खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विशिष्ट स्थान अर्जित करते हैं जिससे उनके जीवन की दिशा और दशा तय होती है । इन प्रतिभावान विद्यार्थियों से प्रेरणा प्राप्त कर अन्य विद्यार्थियों में भी आगे बढ़ने की भावना जागृत होती है। हम ऐसी कामना करते हैं कि आप से साक्षात् रूप में पुरस्कार प्राप्त करके विद्यार्थी जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते रहेंगे। महोदय आपको मुख्य अतिथि पाकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अत्यधिक व्यस्तता के बाबजूद आपने महाविद्यालय को अपना बहुमूल्य समय प्रदान किया इसके लिए महाविद्यालय परिवार आपका हृदय से धन्यवादी एवं आभारी है ।

## परिचय

व्यास नदी के दाएं तट स्थित प्राकृतिक सौन्दर्य से घिरा महाविद्यालय कुल्लू 1967 से लेकर आज तक शिक्षा की अलख जगाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कभी भी पीछे मुड़कर न देखने वाली व्यास नदी यहां के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को शाश्वत रूप से आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। महाविद्यालय के साथ लगते पर्वत पर विराजमान हमारे पूजनीय देवता बिजली महादेव की कृपा महाविद्यालय पर सदैव बनी रहती है।

इस महाविद्यालय का आरंभ 1967 में 9 शिक्षकों व 58 विद्यार्थियों के साथ हुआ था वर्तमान में की आशातीत वृद्धि के कारण अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की संख्या 5459 है जो कि मंडी कॉलेज के बाद हिमाचल प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। यहाँ छात्रों की संख्या 2497 और छात्राओं की संख्या 2962 है। वर्तमान में निष्ठावान एवं प्रबुद्ध प्रतिबद्ध प्राचार्य सहित शिक्षकों की संख्या 63 हैं जिसमें 30 डॉक्टरेट हैं और 8 प्रो अभी PhD कर रहे हैं। गैर शिक्षकों की संख्या महाविद्यालय में 15 है ।

## नामांकन

महाविद्यालय में विभिन्न संकायों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या क्रमबद्ध रूप से इस प्रकार है

## CATEGORY WISE ENROLMENT OF STUDENTS AS ON 30-09-2024-2025 IN R/O GOVT COLLEGE KULLU DISTT. KULLU HP.

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **General** | | **SC** | | **ST** | | **OBC** | | **Total A (3+5+7+9)** | **Total B (4+6+8+10)** | **Total G. (11+12)** | **Handi caped** | | **G. Total (14+15)** |
| **Stream** | **Class/Streamwise** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | **G** | **B** | | **All** | **B** | **G** | **All** |
| | B.A. 1st Year | 429 | 458 | 151 | 152 | 63 | 70 | 24 | 13 | 667 | | 1360 | 6 | 1 | 7 |
| | B.A. 2nd Year | 330 | 466 | 123 | 156 | 49 | 48 | 14 | 15 | 516 | | 1201 | 5 | 2 | 7 |
| | B.A. 3rd Year | 245 | 405 | 87 | 110 | 31 | 54 | 6 | 16 | 369 | | 954 | 1 | 1 | 2 |
| **Arts** | **Total** | **1004** | **1329** | **361** | **418** | **143** | **172** | **44** | **44** | **1552** | | **3515** | **12** | **4** | **16** |
| | B.Sc. 1st Year | 39 | 74 | 15 | 16 | 14 | 22 | 1 | 4 | 69 | 116 | 185 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 2nd Year | 16 | 57 | 7 | 16 | 4 | 15 | 1 | 4 | 28 | 92 | 120 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 3rd Year | 10 | 44 | 3 | 6 | 3 | 12 | 0 | 2 | 16 | 64 | 80 | 0 | 0 | 0 |
| **Science (Medical)** | **Total** | **65** | **175** | **25** | **38** | **21** | **49** | **2** | **10** | **113** | **272** | **385** | **0** | **0** | **0** |
| | B.Sc. 1st Year | 60 | 48 | 21 | 12 | 27 | 8 | 2 | 1 | 110 | 69 | 179 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 2nd Year | 66 | 52 | 7 | 15 | 9 | 9 | 4 | 2 | 86 | 78 | 164 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Sc. 3rd Year | 58 | 34 | 12 | 7 | 10 | 5 | 5 | 2 | 85 | 48 | 133 | 0 | 0 | 0 |
| **Science (Non-Medical)** | **Total** | **184** | **134** | **40** | **34** | **46** | **22** | **11** | **5** | **281** | **195** | **476** | **0** | **0** | **0** |
| | B.Com. 1st Year | 40 | 41 | 22 | 20 | 16 | 9 | 2 | 1 | 80 | 71 | 151 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Com. 2nd Year | 43 | 42 | 16 | 11 | 10 | 12 | 0 | 4 | 69 | 69 | 138 | 0 | 0 | 0 |
| | B.Com. 3rd Year | 28 | 30 | 8 | 11 | 6 | 13 | 1 | 2 | 43 | 56 | 99 | 0 | 0 | 0 |
| **Commerce** | **Total** | **111** | **113** | **46** | **42** | **32** | **34** | **3** | **7** | **192** | **196** | **388** | **0** | **0** | **0** |
| | First Year | 32 | 12 | 6 | 6 | 3 | 2 | 0 | 0 | 41 | 20 | 61 | 0 | 0 | 0 |
| | Second Year | 17 | 5 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 19 | 6 | 25 | 0 | 1 | 0 |
| | Third Year | 16 | 7 | 6 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 24 | 9 | 33 | 0 | 0 | 0 |
| **B.C.A.** | **Total** | **65** | **24** | **13** | **8** | **6** | **3** | **0** | **0** | **84** | **35** | **119** | | | |
| | First Year | 23 | 10 | 2 | 4 | 1 | 1 | 3 | 0 | 29 | 15 | 44 | | | |
| | Second Year | 24 | 5 | 1 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 27 | 7 | 34 | | | |
| | Third Year | 13 | 12 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 13 | 14 | 27 | | | |
| **B.B.A.** | **Total** | **60** | **27** | **3** | **7** | **2** | **2** | **4** | **0** | **69** | **36** | **105** | | | |
| | First Year | 11 | 12 | 2 | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | 15 | 16 | 31 | | | |
| | Second Year | 6 | 9 | 0 | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 8 | 13 | 21 | | | |
| **M.A. English** | **Total** | **17** | **21** | **2** | **6** | **3** | **1** | **1** | **1** | **23** | **29** | **52** | | | |
| **M.A. Hindi** | First Year | 3 | 26 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 4 | 30 | 34 | | | |

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Second Year | 3 | 16 | 0 | 5 | 1 | 2 | 0 | 0 | 4 | 23 | 27 | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | |
| | **Total** | **6** | **42** | **1** | **8** | **1** | **2** | **0** | **1** | **8** | **53** | **61** | | | |
| **M.A. Economics** | First Year | 3 | 13 | 4 | 3 | 1 | 4 | 0 | 0 | 8 | 20 | 28 | | | |
| | Second Year | 2 | 13 | 4 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 14 | 20 | | | |
| | **Total** | **5** | **26** | **8** | **4** | **1** | **4** | **0** | **0** | **14** | **34** | **48** | | | |
| **M.A. Pol. Science** | First Year | 6 | 15 | 0 | 7 | 1 | 1 | 0 | 1 | 7 | 24 | 31 | | | |
| | Second Year | 3 | 17 | 2 | 6 | 0 | 2 | 0 | 1 | 5 | 26 | 31 | | | |
| | **Total** | **9** | **32** | **2** | **13** | **1** | **3** | **0** | **2** | **12** | **50** | **62** | | | |
| **MTA** | First Year | 12 | 16 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 14 | 18 | 32 | | | |
| | Second Year | 17 | 8 | 4 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 22 | 9 | 31 | | | |
| | **Total** | **29** | **24** | **6** | **1** | **1** | **2** | **0** | **0** | **36** | **27** | **63** | | | |
| **B.Voc.(Retail Management)** | First Year | 19 | 14 | 3 | 1 | 0 | 2 | 0 | 2 | 22 | 19 | 41 | | | |
| | Second Year | 11 | 7 | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 15 | 7 | 22 | | | |
| | Third Year | 7 | 10 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 8 | 11 | 19 | | | |
| | **Total** | **37** | **31** | **5** | **2** | **2** | **2** | **1** | **2** | **45** | **37** | **82** | | | |
| **B.Voc.(Hospitality and Tourism)** | First Year | 24 | 11 | 2 | 0 | 2 | 1 | 0 | 1 | 28 | 13 | 41 | | | |
| | Second Year | 20 | 9 | 2 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 25 | 9 | 34 | | | |
| | Third Year | 12 | 10 | 2 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 15 | 13 | 28 | | | |
| | **Total** | **56** | **30** | **6** | **2** | **4** | **2** | **2** | **1** | **68** | **35** | **103** | | | |
| **Grand Total** | | **1631** | **2000** | **518** | **583** | **263** | **298** | **68** | **73** | **2497** | **2962** | **5459** | **12** | **6** | **16** |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

वार्षिक परीक्षा परिणाम किसी भी शैक्षिणक संस्थान के चहुमुखी विकास का प्रतिबिम्ब होता है। यह हमारे महाविद्यालय के लिए बड़े हर्ष का विषय है कि वार्षिक परीक्षा परिणाम अत्यधिक संतोषजनक एवं विश्वविद्यालय परिणाम की प्रतिशतता से बेहतर रहता है। यह शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम का परिणाम है। **मैं यहाँ अपनी ओर से ज़ोर देकर कहना चाहूँगा कि यहाँ के सभी प्राध्यापक अपने विषय के विशेषज्ञ है और अपनी ओर से श्रेष्ठतम देने का प्रयास करते हैं।**

## प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियाँ

एक अध्यापक राष्ट्र का निर्माता होता है। किसी भी संस्थान के शिक्षकों की गतिविधियां और उपलब्धियाँ सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर करती है। इस संस्था के प्राध्यापक ज्ञानार्जन और शोध कार्यों में लीन रहकर ज्ञान का प्रचार प्रसार करते हैं।

**रिफ्रेशर प्रोग्राम/संकाय विकास कार्यकम (FDP)/ओरीएन्टेशन/इन्डक्शन -** प्रो. सोम कृष्ण, डॉ. राजेश कुमार, प्रो. सोम पराकर, डॉ. निर्मला सिंह, डॉ. राज कुमार राय, डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. हरीश आनंद, डॉ. मही योगेश, डॉ. खेमचंद, डॉ. सपना वर्मा, डॉ. ज्योति चरण डॉ. खेमचंद, डॉ. स्नेह लता, डॉ. जय प्रकाश, डॉ. निर्मल चौहान, डॉ. अवधेश कुमार यादव, प्रो. मोनिका, डॉ. अजय कुमार, प्रो. सरिता, प्रो. श्वेता चंदेल, डॉ. शशि शर्मा, डॉ. निश्चल शर्मा, डॉ. रुपा ठाकुर, डॉ. हरीश चंद, प्रो. बबली जोशी, डॉ शीतल ठाकुर, डॉ. लोकेश सिसोदिया, डॉ. मनीष सूद, डॉ. हीरा मणि, डॉ. राजेश शर्मा, प्रो. रामनाथ, डॉ. ललित, डॉ. कंचन कुमारी, डॉ. देचेन, प्रो. दीप लाल, डॉ. सपना ठाकुर, डॉ. अश्वनी शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. अनुपमा कटोच, डॉ. ऋचा आहुलवालिया, प्रो. पूजा सोहल, डॉ. सुनील कुमार, प्रो. प्रोमिला, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. सोहन लाल, प्रो. प्रोमिला, डॉ. संतोष, डॉ. ठाकुर सेन, प्रो. गोपी, प्रो. ज्ञान, विजय सिंह, डॉ. अश्वनी, प्रो. अमन सूद, डॉ. हेम राज, प्रो. तरुण, प्रो. नंदिनी, प्रो. रवि और प्रो. शैलेष आदि ने रिफ्रेशर/FDP/ओरीएन्टेशन आदि कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किए ।

**सेमीनार/कॉन्फ्रेंस/वर्कशॉप (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय) -** डॉ. राजेश कुमार, प्रो. सोम पराकर, डॉ. निर्मला सिंह, डॉ. राज कुमार राय, डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. हरीश आनंद, डॉ. मही योगेश, डॉ. खेमचंद, डॉ. सपना वर्मा, डॉ. ज्योति चरण, डॉ. स्नेह लता, डॉ. जय प्रकाश, डॉ. निर्मल चौहान, डॉ. अवधेश कुमार यादव, प्रो. मोनिका, डॉ. अजय कुमार, प्रो. सरिता, प्रो. श्वेता चंदेल, डॉ. शशि शर्मा, डॉ. निश्चल शर्मा, डॉ. रुपा ठाकुर, डॉ. हरीश चंद, प्रो. बबली जोशी, डॉ शीतल ठाकुर, डॉ. लोकेश सिसोदिया, डॉ मोनिका, डॉ. मनीष सूद, डॉ. हीरा मणि, डॉ. राजेश शर्मा, प्रो. रामनाथ, डॉ. ललित, डॉ. कंचन कुमारी, डॉ. देचेन, प्रो. दीप लाल, डॉ. सपना ठाकुर, डॉ. अश्वनी शर्मा, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. अनुपमा कटोच, डॉ. ऋचा आहुलवालिया, प्रो. पूजा सोहल, डॉ. सुनील कुमार, प्रो. प्रोमिला, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. सोहन लाल, प्रो. प्रोमिला, डॉ. संतोष, डॉ ठाकुर

सेन, प्रो. गोपी, प्रो. ज्ञान, विजय सिंह, प्रो. अमन सूद, डॉ. हेम राज, प्रो. तरुण, प्रो. नंदिनी, प्रो. रवि और प्रो. शैलेष आदि ने अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय संगोष्ठी/वर्कशॉप/कॉन्फ्रेंस में भाग लिया ।

**शोध पत्र प्रस्तुति एवं प्रकाशन -** वर्तमान सत्र के दौरान प्रो. सोम पराकर, डॉ. निर्मला सिंह, डॉ. खेमचंद, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. निश्चल शर्मा, डॉ. शीतल, डॉ. ज्योति चरण, डॉ. अनूपमा, डॉ. शशि शर्मा, प्रो. श्वेता चंदेल, प्रो. बबली जोशी, डॉ. रूपा, डॉ. लोकेश सिसोदिया, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ ज्योति चरण, अश्वनी शर्मा, डॉ हेम राज, डॉ. ठाकुर सेन आदि प्राध्यापकों ने विभिन्न विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत एवं प्रकाशित किए हैं।

**किताब प्रकाशन** – डॉ. मही योगेश ने कविताएं और डॉ. खेम चंद ने पुस्तक प्रकाशित की तथा डॉ. अश्वनी शर्मा ने (बुक चेप्टर) प्रकाशित किये जबकि डॉ. हेम राज की पुस्तक का नया संस्करण भी प्रकाशित हुआ है।

**पी एच डी उपाधि** – इस सत्र में डॉ. देचेन, डॉ. ऋचा आलुहवालिआ और डॉ. प्रांजया ने अपनी पीएचडी की उपाधि प्राप्त की जबकि प्रो. श्वेता चंदेल, प्रो. बाबली जोशी, प्रो. दीप लाल, प्रो. शुभम दीप, प्रो. शैलेश, प्रो. तरुण और प्रो. संगीता वर्तमान में पी एच डी कर रहे हैं।

**विशेष उपलब्धियां-** डॉ. खेम चंद राजनीति शास्त्र विभाग के प्राध्यापक ने चंडीगढ़ क्षेत्रीय निदेशालय का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत सरकार की युवा सेवा एवं खेल मंत्रालय दिल्ली के अंतर्गत चयनित प्रभारी के रूप में राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस परेड 2025 में अपनी सेवाएं दी ।

वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रो. राम नाथ ने हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद (HIMCOSTE) ने 18 स्कूलों के इको-क्लब सदस्यों और उनके प्रभारियों को स्कीइंग सेंटर सेलांग नाला में कुल्लू घाटी के स्थानीय वनस्पतियों पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया ।

वन विभाग द्वारा आयोजित लोट काईस धार में आयोजित 11 किलो मीटर walkathon मे प्रो. निर्मला सिंह ने प्रथम, पो. पूजा और प्रो. प्रोमिला ने क्रमशः तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

## स्थानान्तरण, रिक्तियां, नियुक्तियाँ, सेवनिवृति, पदोन्नति

**स्थानान्तरण-** वर्तमान सत्र में श्री पंकज आनंद अधीक्षक ग्रेड II महाविद्यालय से स्थानांतरित हुए

**नियुक्तियाँ-** कार्यालय में श्री अखिलेश जोशी JOA IT के पद पर नवनियुक्त हुए।

**रिक्तियां -** महाविद्यालय में वर्तमान में शिक्षक वर्ग में अग्रेज़ी में चार, टूर एंड ट्रेवल में एक, राजनीति विज्ञान में एक, जूलोजी में एक, हिन्दी में एक, भूगोल में दो, गैर शिक्षक कर्मचारी में अधीक्षक ग्रेड II, लाइब्रेरियन, तबला वादक के एक-एक जबकि SLA और JLA के दो-दो पद रिक्त चल रहे हैं ।

**पदोन्नति** – सत्र 2024-25 के दौरान महाविद्यालय के अससोसिएट प्रो.फेसर डॉ. शेफाली अंग्रेजी विभाग, डॉ. राजेश कुमार सिंह राजनीति विभाग तथा डॉ. राकेश राणा अंग्रेजी विभाग से पदोन्नत होकर क्रमशः हरिपुर, बंजार व घुमारवी महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर सेवाएं दे रहे हैं।

**सेवनिवृति** – सत्र 2024-25 के दौरान डॉ. ओमप्रकाश ठाकुर भूगोल विभाग, डॉ. रोशन लाल प्राचार्य, डॉ. बिन्ता ठाकुर अंग्रेजी विभाग, SLA श्री भीमी राम जी महाविद्यालय से अपना गरिमामय सेवाकाल पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए ।

## सांस्कृतिक गतिविधियाँ

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप – II जो राजकीय महाविद्यालय करसोग जिला मंडी में 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित किया गया जिसमें हमारे महाविद्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । इस महोत्सव में महाविद्यालय के संगीत विभाग के **होनहार छात्र क्षितिज शर्मा ने लोक गीत और भारतीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान** प्राप्त किया साथ ही फोक ऑर्केस्ट्रा में महाविद्यालय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू को 20 से 23 नवंबर 2024 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा **महोत्सव ग्रुप - IV (HPU Youth Festival Group-IV) की मेजबानी करने का गौरव** प्राप्त हुआ जिसमें 30 कॉलेजों के 600 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। महोत्सव में एकांकी नाटक स्किट माइम और मिमिक्री जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं जिनमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हमारे कॉलेज ने इस महोत्सव में शानदार प्रदर्शन किया। **हमारे कॉलेज ने माइम में प्रथम स्थान और एकांकी नाटक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की।**

**खेल-कूद गतिविधियाँ-**

अगस्त माह में राजकीय महाविद्यालय में 15 खेलों में महिला एवं पुरुष वर्ग के इंट्रा मुराल खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें हॉकी, फुटबॉल, बॉक्सिंग, बास्केटबाल, वालीबाल, कबड्डी, ताइक्वांडो, वूशु, जूडो, बैडमिंटन, खो-खो, हैंडबॉल, CROSS –कंट्री, टेबल टेनिस, शतरंज आदि खेल सम्मिलित थे।

29-30 अगस्त को महाविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2024–25 आयोजित कराई गई। इस सत्र में महाविद्यालय ने खेलों के क्षेत्र में कुल चार ट्राफी जीती जिनका विवरण इस प्रकार है। इसी सत्र में महाविद्यालय ने इंटर कॉलेज गर्ल्स फुटबॉल चेम्पियनशिप की मेजबानी की तथा महाविद्यालय की टीम ने उसमें तृतीय स्थान प्राप्त किया।

CROSS – Country में द्वितीय स्थान महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में, फुटबॉल महिला वर्ग में तीसरा स्थान और वूशु पुरुष वर्ग में दूसरा स्थान। महाविद्यालय के महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों अभी तक के सार्वाधिक ने 16 खिलाड़ियों ने अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया **जो पिछले सत्र के मुकाबले दो गुना है।**

दीक्षा ने खो-खो खेल में अंतर विश्वविद्यालय जोनल खेल प्रतियोगिता में पदक ग्रहण कर all India inter University championship में जगह बनाई।

इसी प्रकार गुरमन ने हैंडबॉल खेल में अंतर विश्वविद्यालय जोनल खेल प्रतियोगिता में पदक ग्रहण कर all India inter University championship में जगह बनाई।

**इस सत्र में महाविद्यालय के 14 खिलाड़ियों ने अन्तर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में पदक जीते। जिनमें 03 गोल्ड 03 Silver और 08 रजत पदक शामिल हैं**

इस वर्ष महाविद्यालय में बॉक्सिंग रिंग के शेड का निर्माण किया गया जिसके कारण आने वाले समय में महाविद्यालय के खिलाड़ियों को वर्षभर तैयारी करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अगर बात करें पिछले वर्ष की तुलना में तो इस वर्ष कुल मिलाकर हमने महाविद्यालय के लिए चार ट्राफियां जीती है जबकि पिछले वर्ष केवल एक से ही संतोष करना पड़ा था।

## विभागीय गतिविधियाँ

हिन्दी विभाग की छात्राओं ने गेयटी थियेटर शिमला में आयोजित राज्यस्तरीय हिंदी दिवस में भाग लिया जिसमें प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम पुरस्कार, कविता पाठ में श्रभा शर्मा ने द्वितीय पुरस्कार तथा भाषण प्रतियोगिता में वंशिका शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का मान बढ़ाया।

गणित विभाग ने शैक्षणिक सत्र के दौरान दो प्रतिष्ठित कार्यक्रम आयोजित करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। सितंबर में अंतर समीकरणों पर राष्ट्रीय गणित कार्यशाला आयोजित की गई दिसंबर में गणित विभाग ने शुद्ध और अनुप्रयुक्त गणित पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जिसमें अमेरिका,जमैका,मिस्र,ओमान, त्रिनिदाद और टोबैगो और आईआईटी और एनआईटी जैसे शीर्ष भारतीय संस्थानों सहित दुनिया भर के विद्वानों और विशेषज्ञों द्वारा 35-40 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए ।

राजनीति विज्ञान विभाग ने संविधान दिवस और 14 सितम्बर को हिन्दी विभाग ने हिन्दी दिवस को हर्षोल्लास से मनाया ।

वनस्पति विज्ञान विभाग और IQAC के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ने 21-22 अक्टूबर, 2024 को "पहाड़ी पारिस्थितिकी तंत्र: जैव विविधता पर ध्यान केन्द्रित करना" विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया । इसमें विभिन्न क्षेत्रों से आमंत्रित 14 वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये और प्रतिभागियों द्वारा मौखिक रूप से 58 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

हिंदी विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग के 31 विद्यार्थियों ने 31 जनवरी से 3 फरवरी 2025 तक विश्व पुस्तक मेला एवं दिल्ली के ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रो. सोम नेगी एवं डॉ. हेम राज ने इस यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

संस्कृत विभाग ने दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन किया जिसमें 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। टूरिज़्म विभाग ने एजुकेशनल टूअर का आयोजन किया जिसमें बच्चों को जयपुर, जोधपुर, जेसलमेर और गोवा आदि का भ्रमण करवाया गया साथ ही लीडरशिप डेवलपमेंट कैंप का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को जिस्पा, बारालाचा दर्रा, शिकुला दर्रा आदि का भ्रमण करवाया गया। 27 सितंबर 2024 को टूरिज़्म विभाग ने टूरिज़्म दिवस मनाया गया जिसमें कुल्लू और हिमाचल की संस्कृति का प्रदर्शन किया गया।

## पुस्तकालय

पुस्तकालय समाज के बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास में अहम योगदान देते हैं यह न केवल अध्ययन को प्रोत्साहित करता है बल्कि हमारे मानसिक विकास में भी सहायक होता है महाविद्यालय में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने में पुस्तकालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महाविद्यालय के पुस्तकालय में इस समय विभिन्न विषयो पर 23090 पुस्तकें 30 पत्र-पत्रिकाएं 5 जर्नल तथा 7 समाचार पत्रों का विद्यार्थी लाभ उठा रहे है। वर्तमान सत्र 2024-25 में पुस्तकालय के लिए लगभग 500000 की नई पुस्तकें मँगवाई गई।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के अन्तर्गत 6292 ई०-जर्नल और 199500 ई०-पुस्तकों का लाभ विद्यार्थी से रहे हैं। 2011-12 में सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत पुस्तकालय को कम्पयूटरीकृत कर दिया गया है। विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए इस समय 10 संगणक दिए गए है। बी०एस०एन०एल० फाईबर की सुविधा भी दी गई है।

## छात्रवृतियाँ

2023-24 में अलग-अलग योजनाओं के द्वारा विभिन्न वर्ग के 88 विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने की पुष्टि की गई है और 75 विद्यार्थियों की छात्रवृति को Renew किया गया है।

## अध्यापक अभिभावक संघ

अध्यापक अभिभावक संघ समाज और महाविद्यालय शिक्षकों के बीच का सेतु है। शैक्षणिक विकास में इस संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सत्र 2024-25 में श्री वीरेंद्र शर्मा (अध्यक्ष), श्री रितेश कुमार गुलेरिआ (उपाध्यक्ष), सचिव प्रो. सोम कृष्ण, सहसचिव श्री मोहन बाली, कोषाध्यक्ष श्री बुद्धि सिंह । सदस्य अभिभावक में श्री झावे राम, श्री जोगिन्द्र पाल, श्री राजू, श्रीमती चन्द्रकला, मुख्य सलाहकार श्री झावे राम हैं। प्रो. जय प्रकाश, डॉ. शीतल ठाकुर, प्रो. प्रोमिला, प्रो. सपना, आदि प्राध्यापक सदस्य हैं।

## NCC ARMY WING (BOYS) (थल स्कन्ध)

2HP BN मंडी की NCC विंग कॉलेज में एसोसिएट NCC अधिकारी कैप्टन अजय कुमार के नेतृत्व में कार्यरत है जिसमें 120 कैडेट्स नामांकन की क्षमता है। यह विंग छात्रों के व्यक्तित्व के समग्र विकास को बढ़ावा देने उनकी ऊर्जा को रचनात्मक रूप से चैनलाइज़ करने और राष्ट्र और समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से लगी हुई है।

SUO विवेक ठाकुर और UO रजनी कुमारी ने अक्टूबर 2024 में NCC बनीखेत में आयोजित प्री RDC-I में भाग लिया। कॉर्पोरल नंदनी शर्मा ने 100 फील्ड रेजिमेंट के साथ आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया। कॉर्पोरल अमन ठाकुर ने जूनागढ़ गुजरात में बेसिक रॉक क्लाइंबिंग कोर्स में भाग लिया। 2nd ईयर के 44 कैडेट और 3rd ईयर के 13 कैडेट ने ट्रांजिट कैंप पंडोह मंडी में ATC 204 में भाग लिया। कैडेटों ने गार्ड माउंटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया SUO दीक्षा ठाकुर का चयन एक भारत श्रेष्ठ भारत उड़ीसा के लिए हुआ।

अध्यापक अभिभावक संघ समाज और महाविद्यालय शिक्षकों के बीच का सेतु है। शैक्षणिक विकास में इस संघ की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सत्र 2024-25 में श्री वीरेंद्र शर्मा (अध्यक्ष), श्री रितेश कुमार गुलेरिआ (उपाध्यक्ष), सचिव प्रो.सोम कृष्ण, सहसचिव श्री मोहन बाली, कोषाध्यक्ष श्री बुद्धि सिंह । सदस्य अभिभावक में श्री झावे राम, श्री जोगिन्द्र पाल, श्री राजू, श्रीमती चन्द्रकला, मुख्य सलाहकार श्री झावे राम हैं प्रो. जय प्रकाश, शीतल ठाकुर, प्रो. प्रोमिला, प्रो. सपना आदि प्राध्यापक सदस्य हैं।

सार्जेंट रोहित ने पठानकोट में आयोजित आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया। उन्होंने कैंप के दौरान आयोजित फायरिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एनसीसी के तीसरे वर्ष के 12 कैडेटों ने कल्पा (रेकांग पियो) में आयोजित अखिल भारतीय एनसीसी कैंप-II (वाइब्रेंट विलेज प्रो.ग्राम-2024) में भाग लिया। एनसीसी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के 11 कैडेट्स ने आईटीबीपी बबेली में आयोजित डिफेंस एडवेंचर कैंप में भाग लिया।

कॉलेज ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बड़ी संख्या में NCC कैडेट्स ने भाग लिया। 26 सितंबर 2024 को कॉलेज में "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" थीम पर आधारित पोस्टर मेकिंग पेंटिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जनवरी 2025 को ढालपुर में "स्वच्छता ही सेवा" थीम के तहत स्वच्छता रैलियां आयोजित की गईं। एनसीसी कैडेटों द्वारा कॉलेज परिसर में हर महीने के तीसरे शनिवार को स्वच्छ भारत अभियान चलाया जाता है। जुलाई

2024 को कैडेटों ने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर कारगिल दिवस मनाया।

इसके अलावा कैडेट संस्थान की हर दिन की गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होते हैं जैसे कि परिसर में आयोजित शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल, रक्तदान शिविर आदि जिससे कैडेटों के बीच सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलता है।

## NCC ARMY WING (GIRLS) (थल स्कन्ध)

**1HP (GIRLS) बटालियन एनसीसी सोलन** NCC कुल्लू महाविद्यालय में एसिस्टेंट प्रो. अनुपमा कटोच के नेतृत्व में कार्यरत है जिसमें 50 कैडेट्स की नामांकन क्षमता है। यह स्कन्ध छात्राओं के व्यक्तित्व के समग्र विकास को बढ़ावा देने उनकी ऊर्जा को रचनात्मक रूप से चैनलाइज़ करने और राष्ट्र और समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से लगी हुई है। इसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

$2^{nd}$ ईयर और $3^{rd}$ ईयर के 34 कैडेट ने ट्रांजिट कैंप पंडोह मंडी में ATC 204 में भाग लिया। कैडेटों ने गार्ड माउंटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया और कैडेट रितिका और आकाश राजपूत ने कैंप के दौरान आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। सार्जेंट रोहित ने 18-29 दिसंबर 2024 तक पठानकोट में आयोजित आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया। उन्होंने कैंप के दौरान आयोजित फायरिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## AIR WING (BOYS) (वायुस्कन्ध)

कॉलेज में NCC अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा के नेतृत्व में क्रियाशील है जिसमें 100 कैडेट्स नामांकन की क्षमता है। एनसीसी एयर विंग ने 2024-25 शैक्षणिक वर्ष के दौरान असाधारण प्रदर्शन और विकास का प्रदर्शन किया है। उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और राष्ट्रीय कैडेट कोर के मूल मूल्यों के प्रति समर्पण वास्तव में सराहनीय रहा है।

कैडेट जुबैदा बोध (बैच 2019-2022) ने भारतीय वायुसेना में अधिकारी बनने के लिए दिसंबर 2024 में AFCAT परीक्षा और SSB देहरादून उत्तीर्ण किया। द्वितीय वर्ष के कैडेट कमलेश ने सितंबर में बेंगलुरु में अखिल भारतीय वायु सैनिक शिविर में भाग लिया। कैडेट सार्जेंट हिमांशु और

कैडेट अंशुल ने दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लिया और दोनों ही पीएम रैली का हिस्सा थे।

CSUO मानव ठाकुर ने सूरत गुजरात में SNIC शिविर के दौरान डीजीएनसीसी से प्रशस्ति प्राप्त की। कैडेट रोहित और कैडेट अशिमिता को मलौट पंजाब में बेसिक और एडवांस लीडरशिप कैंप के लिए चुना गया। कैडेट अभय गिल और वंश कटोच ने उड़ीसा में एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर में भाग लिया। 14 कैडेटों ने रायसन में 1 एचपी एयर एसक्यूएन NCC कुल्लू द्वारा आयोजित रॉक क्लाइंबिंग कैंप में भाग लिया।

CSUO मानव ठाकुर और कैडेट सार्जेंट वैशाली ने SNIC कैंप सूरत, गुजरात में भाग लिया। कैडेट सार्जेंट देवेश ने एयरफोर्स अटैचमेंट कैंप डुंडीगल में भाग लिया। कैडेट कौस्तुभ ने दिसंबर में डुंडीगल में वायु सेना के अटैचमेंट कैंप में भाग लिया। कैडेट शिवांगी और शिवानी ने धर्मशाला में हिमट्रेक कैंप में भाग लिया14 कैडेटों ने मनाली में एनसीसी मैराथन में भाग लिया। 63 कैडेटों ने पनारसा में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया।

इन गतिविधियों के अलावा एनसीसी एयरविंग ने विभिन्न शहरों में जागरूकता रैलियां, स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर सहित सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन करती है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना सामाजिक कार्य के प्रतिसमर्पण त्याग प्रेम की भावना की परिचायक है। प्रो. प्रोमिला राणा और डॉ. खेम चंद के कुशल नेतृत्व में 200 स्वयंसेवी कार्यरत हैं।

महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून 2024 को मनाया गया। महाविद्यालय में NAAC की टीम के आने से पहले महाविद्यालय की सौंदर्यीकरण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 स्वयंसेवियों ने स्वास्थ्य विभाग जिला कुल्लू के साथ मैराथन में भाग लिया।

राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन महाविद्यालय में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने ढालपुर खेल मैदान में परेड की। उसके बाद जलपान कर्तव्य में अपनी भागीदारी दी। 17 सितम्बर 2024 को 70 स्वयंसेवियों ने सरकारी अस्पताल कुल्लू में ड्यूटी दी ।

24 सितम्बर 2024 को एनएसएस दिवस मनाया गया जिसमें स्किट और लोकनृत्य का प्रदर्शन किया गया। हिमांशू बेबी अंजली आशीष ने State NSS pre- republic camp में भाग लिया जिसकाआयोजन M. L. S. M college Sunder Nagar में हुआ था और बेबी का चयन North zone NSS Pre - Republic Camp के लिए हुआ और साथ ही बेबी का चयन NSS Republic Day Parade Camp Delhi 2025 के लिए हुआ।

हर वर्ष की भातिं इस वर्ष भी एनएसएस के 70 स्वयंसेवियों ने दशहरा के सात दिनों अपनी सेवा दी । 27 से 30 अक्टूबर के बीच my bhart portal के अंतर्गत Ye diwali my bhart wali मनाया जा रहा था जिसमें cleanliness Drive Traffic Management और seva se sikhe कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने सेवा दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के 20 वालंटियर्स ने 19-23 नवंबर को Theater Fest Group - IV HPU के कार्यक्रमो में अपनी पूर्ण रूप से सेवाएं दी ।

National Republic Parade Camp New Delhi (कर्तव्य पथ) 26 जनवरी 2025 को Dr Khem Chand Thakur ने Contigent Incharge RD Chandigarh के रुप में प्रतिनिधित्व किया और बेबी ने एक स्वयंसेवी के रूप हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। 26 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में 25 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। 29 जनवरी से 4 फरवरी 2025 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कैंपस ब्यूटीफिकेशन स्वच्छता अभियान पौधा रोपण रक्त दान और सांस्कृतिक कार्यक्रम और बहुत सी गतिविधियों में भाग लिया। सुनीता और कमल किशोर National integration camp में 5-11 फरवरी तक भाग लिया। जिसका आयोजन मोहाली चंडीगढ़ हुआ था।

राष्ट्रीय सेवा योजना की निस्वार्थ सेवाएं केवल यहीं समाप्त नहीं होती बल्कि ये वर्ष भर अनवरत रूप से चलती रहती है।

## रोवर्स और रेंजर्स

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की रोवर्स & रेंजर्स इकाई प्रो. ज्योति चरण और प्रो. संगीता के नेतृत्व मे क्रियाशील है।

विश्व स्काउट स्कार्फ दिवस के उपलक्ष्य में रोवर्स & रेंजर्स इकाई ने नए आकांक्षी रोवर्स & रेंजर्स को भी शामिल किया जिसमें सभी स्काउट्स को सीनियर द्वारा स्कार्फ दिवस के महत्व व मनाने के कारण से अवगत कराया गया। रोटरी क्लब कुल्लू तत्वावधान में राजकीय महाविद्यालय कल्लू के रोवर्स एवं रेंजर्स यूनिट के द्वारा बिजली महादेव के रास्ते व मंदिर प्रांगण में दो दिन का सफाई अभियान चलाया गया। रोवर्स रेंजर्स इकाई के सभी स्काउट्स ने Annual Athelitic Meet में मार्च पास किया और साथ ही विभिन्न स्काउट्स ने भी स्पोर्ट्स में भाग लिया और अपना अच्छा प्रदर्शन दिया।

रोवर्स रेंजर्स इकाई के 04 रोवर्स और 05 रेंजर्स ने राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया जो कि राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान रिवालसर में है । रोवर एवं रेंजर इकाई द्वारा आकांक्षी रोवर्स व रेंजर्स के लिए 2 दिवसीय प्रवेश टेस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया। इकाई ने अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरे में 7 दिनों तक भगवान रघुनाथ जी के अस्थाई शिविर में अपनी निस्वार्थ सेवाएं दी। इकाई द्वारा लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए एक्ट किया गया।

भारत स्काउट एंड गाइड हिमाचल प्रदेश राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में प्रदेश भर की लगभग 300 रेंजर्स के लिए राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप आयोजित किया गया 1 जिसमें कि राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की 11 रेंजर्स ने भाग लिया और सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया।

इकाई द्वारा भारत स्काउट एंड गाइड का 74 वां स्थापना दिवस मनाया गया। राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में प्रदेश भर की लगभग 250 रोवर्स के लिए राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैंप आयोजित किया गया जिसमें कि राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के 06 रोवर्स ने भाग लिया और सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया।

27 नवम्बर 2024 को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की 07 रेंजर्स और 1 रोवर ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड चयन कैंप में भाग लिया। 19 नवम्बर 2024 को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की रोवर्स & रेंजर्स इकाई के सदस्यों ने inter college youth festival group 4 के दौरान अपनी निस्वार्थ सेवाएं दी। 20 जनवरी 2024 को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की रोवर्स रेंजर्स इकाई की 05 रेंजर्स ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड शिमला में भाग लिया। 28 जनवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की रोवर्स रेंजर्स इकाई के 01 रोवर व 01 रेंजर ने भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा आयोजित डायमंड जुबली जंबूरी में भाग लिया जो की त्रिचि तमिलनाडु में आयोजित की गई थी। 10 फरवरी 2025 को राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की रोवर्स रेंजर्स इकाई के सदस्यों द्वारा ऑर्नामेंटल इको गार्डन के लिए पुन: दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई ने दशहरे 2024 में डॉ सत्यव्रत वैद्य जी नशा मुक्ति केंद्र भुंतर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) के अध्यक्ष के साथ मिलकर प्रदर्शनी ग्राउंड ढालपुर में नशे के विरुद्ध समाज को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक किये।

इकाई ने कॉलेज प्रशासन द्वारा रोवर्स एवं रेंजर्स यूनिट को आबंटित जगह सर्दियों की छुट्टियों के अंत में 5 दिवसीय कैम्प लगाकर साफ सफाई की जिसमें कॉलेज प्राचार्य सहित अधीक्षक श्री सतीश कुमार प्रो ज्योति चरण एवम प्रो संगीता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पी० जी० कक्षायें

वर्तमान में महाविद्यालय में पाँच विभाग अंग्रेज़ी, हिन्दी, अर्थशास्त्र, रजनीति, विज्ञान और टुरिज़्म विभाग में स्नातकोत्तर PG की कक्षायें चल रही हैं जिसमें हर विषय में 30-30 विद्यार्थियों का चयन योग्यता के आधार पर हर वर्ष किया जाता है।

## बी०सी०ए०

सत्र 2008-09 में महाविद्यालय में बी०सी०ए० पाठ्यक्रम शुरू किया गया जिसमें 60 विद्यार्थियों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है। डॉ. जय प्रकाश शर्मा के कुशल नेतृत्व में उच्चगुणवता युक्त कम्पयूटर शिक्षा प्रदान करने के लिए योग्य प्राध्यापकों की सेवाएं ली जा रही है। सेल्फ फाइनांस के अन्तर्गत यह कोर्स चलाया जा रहा है।

## बी०बी०ए०

महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सत्र 2010 में बी०बी०ए० की कक्षाएँ आरम्भ की गई जिसमें 60 विद्यार्थियों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है। वर्तमान में डॉ. मनीष सूद समन्वयक के पद पर कार्यरत है। सेल्फ फाइनांस के अनतर्गत यह कोर्स चलाया जा रहा है।

## बी० वॉक

महाविद्यालय में सत्र 2017 से बी० वॉक की कक्षाएं शुरू की गई। बी० वॉक में दो पाठ्यक्रम हॉस्पिटेलिटी एंड टूरिजम और रिटेल मैनेजमैंट चलाए गए तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम में 40 विद्यार्थियों का चयन योग्यता के आधार पर किया जाता है। वर्तमान में प्रो. मान सिंह राणा बी० वॉक के समन्वयक है।

## IGNOU इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

महाविद्यालय में सभी वर्ग के शैक्षणिक विकास के लिए IGNOU केन्द्र सन् 1992 में अस्तित्व में आया ।8 छात्रों से आरम्भ होकर आज 2400 छात्र/छात्राएँ पंजीकृत है। इस समय इस केन्द्र में 58 पाठ्यक्रमों में प्रवेश उपलब्ध है। जुलाई 2019 से बी०एस०सी० पाठ्यक्रम को भी सम्मिलित किया गया है। अध्ययन केन्द्र के सह-समन्वयक प्रो. चेतराम सहित तीन सहायक, चार परिचारक तथा एक सफाई कर्मचारी नियुक्त है। अध्ययन केन्द्र कुल्लू में 33 सक्रिय परामर्शदाता है। जो छात्रों को अपने-अपने विषयों में अध्ययन में सहयोग करते हैं।

## Boys Hostel (छात्र छात्रावास)

इस सत्र **Boys Hostel** में 57 छात्रों को मेरिट के आधार पर प्रवेश मिला। हॉस्टल की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए खूब राम ठाकुर और रंजीत ठाकुर को मुख्य छात्र चुना गया है। वर्तमान में **Boys Hostel** के वॉर्डन डॉ. हरि सिंह ठाकुर है।

## Girls Hostel (कन्या छात्रावास)

महाविद्यालय कुल्लू जनजातीय कन्या छात्रावास का सत्र 1 अगस्त 2024 को शुरू हुआ । वर्तमान में छात्रावास में 82 छात्राएँ रह रही है। छात्रावास में प्रीफैक्ट अवन्तिका नेगी सीलोनी, नेगी, ईशा शर्मा, दीक्षा को बनाया गया है जबकि Mess Auditor कौशल्या को बनाया गया है। इसकी वॉर्डन डॉ. कंचन कुमारी हैं।

## पत्रिका

महाविद्यालय की पत्रिका **(देवधरा)** विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा जागृत करने का प्रयास करती है। इसमें विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर अपने विचार स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त होता है। पत्रिका मुख्य सम्पादक डॉ. रूपा ठाकुर के संरक्षण में तैयार हुई है। इस सत्र के विभिन्न विषयों के प्राध्यापक एवं छात्र/छात्रा सम्पादकों का विवरण इस प्रकार है-

| क्रम संख्या | विभाग | प्राध्यापक संपादक | छात्र/छात्रा संपादक |
|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | डॉ. मही योगेश | राघव सिंह |
| 2 | हिन्दी | डॉ. कंचन | दिव्या ठाकुर |
| 3 | संस्कृत | प्रो. विजय सिंह | कल्पना |
| 4 | पहाड़ी | डॉ. हेम राज | विपाशा शर्मा |
| 5 | वाणिज्य | डॉ. देचेन | निखिल चंद्र |
| 6 | विज्ञान | प्रो. हरीश चंद | अनामिका चौहान |
| 7 | बी०सी०ए० | प्रो. मनोज | पारस |
| 8 | बी बी ए | प्रो. अनुभव | यशिका |

## CSCA केन्द्रीय छात्र परिषद 2024-25

महाविद्यालय के विभिन्न विकासात्मक कार्यों में महाविद्यालय प्रशासन के साथ सहयोग करने के लिए विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप पूर्ण रूप से मेरिट के आधार पर केन्द्रीय छात्र परिषद का गठन किया गया है जिसमें हिन्दी विभाग की डिम्पल कुमारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष श्रुति ठाकुर, सचिव कोमल और सह-सचिव दिया सहित 35 सदस्य हैं केन्द्रीय छात्र परिषद के सहयोग के लिए एक सलाहकार समिति का गठन भी किया गया है इसमें संयोजक डॉ. बृजबाला सहित अन्य प्राध्यापक प्रो. चेतराम, प्रो. रामनाथ, प्रो. राजेश कुमार और प्रो. सोम कृष्ण शर्मा आदि सम्मिलित हैं।

## OSA पूर्व छात्र संघ

महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ भी गठन किया गया है। वर्तमान में डॉ. गौरव भारद्वाज इसके अध्यक्ष हैं, श्री अनिल रैली उपाध्यक्ष, डॉ. स्नेह लता सचिव और श्री हरी भारती सिंह सह सचिव के पद पर कार्यरत है।

## निष्कर्ष

महोदय ये महाविद्यालय पचास वर्षों से अधिक का सफर तय कर चुका है और इतने वर्षों में यहाँ से अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी विभिन्न विषयों में स्नातक तथा स्नातकोतर कर सरकारी व निजी क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और महाविद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं। इसका श्रेय निश्चित रूप से यहाँ के प्रबुद्ध शिक्षक और गैर शिक्षक को ही जाता है जिन्होंने इस महाविद्यालय में एक सकारात्मक माहौल स्थापित किया है। इसमें कोई दो राय नहीं कि कुल्लू महाविद्यालय हिमाचल के दिग्गज महाविद्यालयों में से एक है और हर क्षेत्र में प्रथम पायदान के लिए प्रयासरत है। देवभूमि कुल्लू की इस पावन धरती पर प्रकृति की गोद में स्थित इस महाविद्यालय को अभी निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने हैं। मैं महाविद्यालय के सभी प्रतिभावान छात्रछात्राओं को बधाई देता हूं जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का सोभाग्य प्राप्त हुआ है। अंत में मैं महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः हृदय की गहराइयों से आपका आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

**“ज़िंदगी की असली उड़ान अभी बाकी है, हमारे इरादों का इम्तिहान अभी बाकी है,**

**अभी तो नापी है सिर्फ मुट्ठी भर ज़मीन, आगे सारा आसमां बाकी है।”**

**प्रतिवेदन निर्माण समिति हिन्दी विभाग :**

**डॉ. हेम राज**

**प्रो. अमन सूद**